भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3990
गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

हमीरगढ़ हवाई पट्टी से हवाई सेवाएं

3990. श्री दामोदर अग्रवालः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा वर्तमान में भीलवाड़ा स्थित हमीरगढ़ हवाई पट्टी से हवाई सेवा शुरू करने के लिए दी जा रही सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का उक्त हवाई पट्टी से वाणिज्यिक उड़ान सेवाएं शुरू करने का विचार रखती है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या इस क्षेत्र के लोगों और जन-प्रतिनिधियों ने पूर्व में उक्त हवाई पट्टी से वाणिज्यिक विमान सेवाएं शुरू करने की मांग की थी; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में किए गए प्रयासों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ङ) **:** क्षेत्रीय संपर्क योजना – उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस – 'उड़ान') एक बाजार संचालित सतत योजना है, जहाँ अधिक गंतव्यों/स्टेशनों और मार्गों को कवर करने के लिए समय-समय पर बोली प्रक्रिया के चरण आयोजित किए जाते हैं। इच्छुक एयरलाइनें, विशेष मार्गों पर माँग के अपने आंकलन के आधार पर, 'उड़ान' योजना के तहत बोली प्रक्रिया के समय अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। हवाईअड्डा, जो 'उड़ान' योजना के अंतर्गत अवार्ड किए गए मार्गों में शामिल है और जिसे 'उड़ान' परिचालनों को शुरू करने के लिए उन्नयन/विकास की आवश्यकता है, उसे "असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरुद्धार" योजना के तहत विकसित किया जाता है। राजस्थान में हमीरगढ़ (भीलवाड़ा) हवाईपट्टी को 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) दस्तावेज में असेवित हवाईपट्टियों की सूची में सूचीबद्ध किया गया है। तथापि, बोली प्रक्रिया के पाँच चरण पूरे होने तक आरसीएस उड़ानों के परिचालन के लिए हमीरगढ़ (भीलवाड़ा) हवाई पट्टी को जोड़ने वाला कोई भी मार्ग किसी भी एयरलाइन को अवार्ड नहीं किया गया है।

*****